


## एक नजर में

### ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने तय की फैशन की अगली दिशा

**उज्जैन.** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर, जिसे भारत में फैशन की सबसे महत्वपूर्ण आवाज माना जाता है, 2025 में एक बार फिर लौट रहा है. इस बार भी यह टूर फैशन, क्रिएटिविटी और संस्कृति को एक साथ लाकर एक शानदार मंच तैयार करेगा. यह मंच द वन एंड ओनली की थीम पर आधारित होगा, जो आने वाले समय में फैशन की अगली दिशा तय करेगा. टूर की शुरुआत गुरुग्राम में 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' से होगी, जिसमें डिज़ाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक अपने कलेक्शन पेश करेंगे. पर्नोड रिकर्ड इंडिया की सीएमओ डेबाश्री दासगुप्ता ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर भारतीय फैशन का सबसे प्रतिष्ठित मंच रहा है. हमारी 'द वन एंड ओनली' सोच के साथ हम भारत के बेहतरीन डिज़ाइनरों और एफडीसीआई के सहयोग से फैशन और स्टाइल के विकास में नए मापदंड स्थापित करते आ रहे हैं.

### ग्रेसिम में एसआईआर जागरूकता कार्यक्रम चलाया

**नागदा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत ग्रेसिम कंपनी एवं लेंसेक्स कंपनी नागदा में जन जागरुकता अभियान के तहत कंपनी के वर्कर्स को एसआईआर की प्रक्रिया से अवगत करवाया गया। उन्हें यह भी बताया की क्या जानकारी बीएलओ को उपलब्ध करवाना है। आज के इस अभियान में ग्रेसिम कंपनी से सुधीर कुमार सिंह, सुरेश रवींद्रन, कमल सेठी, अजय गिल, अजय कुमार, हरविलास शर्मा, अशोक कुमार सुरक्षा, अजय पोरवाल एवं नागदा तहसील कार्यालय से नायब तहसीलदार देवेश गोखले, अजयसिंह सिसोदिया, अय्यूब खान एवं जितेंद्र बुरा उपस्थित हुए।

### पशु बांझपन निर्वाण शिविर आयोजित




**घट्टिया।** पशुपालन विभाग ने मंगलवार को घट्टिया क्षेत्र के गाव उज्जैनिया में पशुधन बांझपन निवारण शिविर आयोजित किया। जानकारी देते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरआर शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 83 पशुपालकों के 351 पशुओं का स्वास्थ परीक्षण किया गया। जिसमें 16 पशुओं का बांझपन उपचार किया गया व 4 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान सहित कुल 351 पशुओं को औषधि वितरण किया गया। शिविर में उज्जैनिया सरपंच तेजकरण, पशुपालक विक्रम सिंह, सुमेर सिंह, डॉ. शाक्य व उनकी टीम के इंद्रकुमार पटेल, इब्राहिम खान, डॉ. पी पाटीदार, पंकज, मेहरबान सिंह सहित पशुपालक उपस्थित थे।

### महाविद्यालय में पौधारोपण




**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के डीजीएम विशाल उदय व सीनियर बिजनेस असिस्टेंट सुनील बामनिया के सौजन्य से महाविद्यालय को 100 पौधे भेंट किए गए एवं बैंक ऑफ़ इंडिया के मैनेजर शेष दुबे का भी इसमें पूर्ण सहयोग रहा। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण के साथ ही महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर पर्यावरण को बचाने व सुरक्षित रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी सुनील गुजराती, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्यामलाल चौधरी, डॉ. दयाराम मुजाल्दा, डॉ. रेखा सोलंकी, डॉ. प्रियंका चौबे , ओमप्रकाश कटारा, श्याम रावत, मनीष बैरागी, सरवन मालवीय सहित समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### प्रेस क्लब की बैठक में उपाध्याय सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए



**खाचरौद।** स्थानीय प्रेस क्लब की औपचारिक बैठक रविवार को संपन्न हुई, जिसमें लंबे समय से पत्रकारिता कर रहे भूपेंद्र उपाध्याय को सर्वसम्मति से प्रेस क्लब का अध्यक्ष चुना गया। बैठक के उपरांत उपस्थित पत्रकारों ने उपाध्याय को पुष्पमालाएं पहनाकर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर उपाध्याय ने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारों की एकता का प्रतीक है और इसका उद्देश्य पत्रकारों के हितों की रक्षा, उनके अधिकारों की आवाज उठाना है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण हैं, इसलिए निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता को आगे बढ़ाना ही हमारी प्राथमिकता होगी। प्रेस क्लब की शेष कार्यकारिणी आगामी बैठक में घोषित होगी। बैठक में प्रेस क्लब प्रभारी व सचिव नागेश्वर बैरागी, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष शंकरलाल बोरीवाल, नीरज दुबे, प्रेम चौहान, संदीप दावरे, गिरधारीलाल गेहलोत, दिलीप बुंदिवाल, कैलाश नायक, राहुल सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

### भारतीय कॉलेज की छात्राओं का वॉलीबॉल में चयन




**उज्जैन।** कायथा में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भारतीय कॉलेज की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कॉलेज की दो प्रतिभाशाली छात्राएं प्रतिभा देवड़ा और सुज़ैन शेख़ का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। कॉलेज की खेल शिक्षक सुश्री इशिका जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त छात्राएं अब शाजापुर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी करेंगी। उन्होंने कहा कि छात्राओं की मेहनत, समर्पण और टीम भावना ने पूरे कॉलेज को गर्व का अवसर प्रदान किया है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. नीलम महाडिक एवं अकादमिक डायरेक्टर डॉ. गिरीश पंड्या ने इस उपलब्धि पर छात्राओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। कॉलेज परिवार के समस्त शिक्षकों एवं साथियों ने भी प्रतिभा देवड़ा और सुज़ैन शेख़ के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जय श्रीराम के उद्घोष के साथ निकली सर्व हिंदू सनातनी समाज की राम काज़ धर्म यात्रा

**▸ पैदल एवं वाहनों से सनातनी हुए शामिल, समापन पर किया हनुमान चालिसा का पाठ**

**उज्जैन।** सर्व हिंदू सनातनी समाज उज्जैन समिति द्वारा 11 नवंबर मंगलवार को राम काज़ धर्म यात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण के साथ हनुमान स्वरूप पूरी यात्रा में रथ पर सवार होकर चले। केसरिया ध्वज फहराती यात्रा ने धर्मनगरी अवंतिका को जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान कर दिया।

नगर अध्यक्ष दुर्गेश नंदनी शर्मा ने बताया कि उल्टे हनुमान मंदिर सांवेर से पैदल एवं वाहन के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। जो बड़ोदिया, पंथ पिपलाई, निनोरा, शनि मंदिर, अंजूश्री महामृत्युंजय द्वार, उज्जैन वसंत बिहार हनुमान मंदिर, नाना खेड़ा, तीन बत्ती, संजीवनी हॉस्पिटल, शहीद पार्क होते हुए टावर चौक पर पहुंची। यहां सभी सनातनियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। यात्रा में जितेन्द्र सिंह राठौड़, अंकित शर्मा, प्रदीप सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह आसावाद, देवेंद्र बना, श्री रामकृष्ण वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. के ए एम मारू, डायरेक्टर डॉ. योगिता मेनन, डायरेक्टर समता गुप्ता ने भी इंदौर से आकर कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान पूर्णिमा व्यास, मंजू, डॉ. दीपशिखा पांडे, सहित बड़ी संख्या में सर्व हिंदू सनातनी समाजजन मौजूद रहे।



**25 दिसम्बर को उज्जैन में मनेगा हनुमान डे**

देवेंद्रसिंह बना ने बताया कि 25 दिसंबर को हनुमान डे मनाया जाएगा। 1008 खेड़ापति सरकार के ध्वज के साथ एक साथ हनुमान चालीसा का विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहा है। राम नाम की प्रतियोगिता के साथ यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सबसे अधिक लिखने वाले को 1.5 लाख, 1 लाख, 51 हजार के साथ ही 500 भक्तो को उचित इनाम दिया जायेगा।



## कुष्ठ धाम हामुखेड़ी में लगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**उज्जैन। कुष्ठ रोगियों को उनके निवास स्थान पर ही नि:शुल्क सेवाएं उपलब्ध कराने के अभियान के अंतर्गत गुलशन कुमार फाउंडेशन ट्रस्ट एवं समर्पण संस्था नई दिल्ली द्वारा कुष्ठ धाम हामूखेड़ी में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।**

न्यू बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी के अनुसार शिविर का शुभारंभ जिला कुष्ठ कार्यालय के स्वास्थ्य प्रशिक्षक नारायण अकेला द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएस परमार, कांता प्रसाद, सत्यनारायण मालवीय, सेवा भारती के श्री शर्मा उपस्थित रहे। शिविर में कुष्ठ रोगियों के घावों की साफ सफाई एवं मरहम पट्टी की गई। साथ ही आवश्यक जांच जैसे रक्तचाप, मधुमेह, विभिन्न प्रकार की खून जांच की गई। दवाई एवं इंजेक्शन, महिलाओं को सेनेटरी पैड नि:शुल्क वितरित किए गए। चिकित्सा दल में निदेशका डॉ. संतोष रानी के नेतृत्व में रोहित कुमार, अंकित कुमार, दीपेंद्र कुमार, किशन कुमार, सूरज कुमार नर्सिंग स्टाफ सम्मिलित रहे।

## विद्यार्थियों ने किया डोंगला में ऑब्ज़र्वेटरी का अवलोकन

**उज्जैन।** निर्मला शिक्षा महाविद्यालय एवं निर्मला महाविद्यालय उज्जैन के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण डोंगला महिदपुर में स्थापित ऑब्ज़र्वेटरी पर हुआ।

महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के 55 छात्र-छात्राओं ने इस भ्रमण में सहभागिता की। इस भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को डोंगला स्थित ऑब्ज़र्वेटरी का अवलोकन करवाया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खगोल विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना तथा ब्रह्माण्ड, ग्रह-नक्षत्रों और अंतरिक्ष से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों की प्रत्यक्ष जानकारी देना था। ऑब्ज़र्वेटरी में छात्रों ने सौर मंडल, ग्रहों की गति, तारामंडल, आकाशगंगाओं एवं अंतरिक्ष अनुसंधान से संबंधित आकर्षक प्रदर्शन देखे। कॉलेज की प्राचार्या व शिक्षकों ने बताया कि ऐसा भ्रमण विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



## रंगोली व मेहंदी में उकेरी जनजातीय गौरव की झलक

**महिदपुर।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत 8 एवं 10 नवंबर को जनजातीय समुदायों के योगदान, संस्कृति और बलिदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों, महाविद्यालय प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सर्वप्रथम साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महिदपुर सिटी के अनुविभागीय अधिकारी डॉ. अजय हिंगे ने भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व पर आधारित अपने व्याख्यान में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जीवन शैली और उनके संघर्षों ने न सिर्फ जनजाति समुदाय को अपितु, समाज के हर वर्ग के युवाओं को नई दिशा दी है। वे आज भी आदिवासी गौरव के प्रतीक हैं। अतिथि के रूप में उपस्थित तहसीलदार संतुष्टि पाल ने भी इस विषय पर अपने विचार रखें। इसके पश्चात डॉ. प्रज्ञा शर्मा, श्रीमती मोनिका बैरागी, डॉ नैना तिवारी, राधा वर्मा व डॉ. शालिनी विजयवर्गीय के नेतृत्व में रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अगले दिवस क्रीडा संबंधी गतिविधियों के अंतर्गत 100 मीटर व 400 मी दौड़ (पुरुष-महिला), बैडमिंटन (पुरुष-महिला) एवं शतरंज (पुरुष-महिला) प्रतियोगिता का आयोजन पुनीत गुप्ता, अनिल पडियार, डॉ. सपना पटेल, मयंक व शैलेंद्र सेंगर के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विजेता प्रतिभागियों को वार्षिकउत्सव में पुरस्कृत किया जावेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों में डॉ. जाकिरद्दीन अहिंगर, डॉ. प्रभाकर मिश्र, डॉ. उजमा चौधरी, हूंमेरा खान आदि के साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। जानकारी कार्यक्रम संयोजक डॉ. नानूराम मुवेल ने दी।



## पेंशनर हरिराम टोपे सफाईकर्मी को सम्मानित किया

**उज्जैन। ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल का एक दिवसीय मंडलीय अधिवेशन रेलवे कम्युनिटी हॉल उज्जैन में 14 सूत्री मांग पत्रों एवं वरिष्ठ पेंशनर हरिराम टॉप सफाईकर्मी के सम्मान के साथ संपन्न हुआ।**

अधिवेशन के प्रारंभ में मंडल मंत्री एस एस शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने आल इंडिया रेलवे अकाउंट स्टाफ एसोसिएशन के महामंत्री रेज़ी जॉर्ज, वेस्टर्न रेलवे एम्पलाई यूनियन के मंडल मंत्री मनोहरसिंह बारठ, फेडरेशन के वरिष्ठ सलाहकार रामखेलावन कुमायूं, मनोहर पचौरी, उज्जैन पेंशनर्स एसोसिएशन के एम के उपाध्यक्ष, आर के माथुर आदि का स्वागत किया। भाजपा नेत्री मधु शर्मा ने महिला समिति की अध्यक्ष जया शर्मा एवं सोनिया व्यास का स्वागत किया। अधिवेशन के दौरान मंडल से आए प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए एस एस शर्मा ने कहा कि हम पेंशनरों की समस्याओं को लेकर रेलवे बोर्ड स्तर पर कार्रवाई करेंगे। मंडल अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने बताया कि हम पेंशनर एक हो जिससे हम हमारी समस्याओं को मंडल स्तर, झोन स्तर एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर भेज सके। आपने बताया कि वर्तमान में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया गया है जो इस फेडरेशन की उपलब्धि है। सहायक मंडल वित्त प्रबंधक निपटारा एवं पेंशन राजेश मीणा ने भी डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को रामखेलावन कुमायूं, मनोहर पचौरी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मोहम्मद अफजल शेख, विष्णु शर्मा, मुकेश जोहरी, एसएस भाटिया, संतोष सोनी, रमेश सी, राजकुमार माथुर, युसूफ, कमल मेहरा सहित बड़ी संख्या में पेंशनर साथी उपस्थित रहे। संचालन मंडल मंत्री एस एस शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन रवींद्र उपाध्याय एवं अरूण सक्सेना ने किया।

## कलाकृतियों के माध्यम से एकता, सहयोग और विश्व शांति का सशक्त संदेश दिया

**▸ लायंस क्लब नागदा द्वारा टुगेदर ऐज़ वन विषय पर पीस पोस्टर प्रतियोगिता का सफल आयोजन**

**नागदा। लायंस क्लब नागदा के तत्वावधान में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन आदित्य विद्या मंदिर स्कूल में किया गया। जिसका विषय था टुगेदर ऐज़ वन। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलाकृतियों के माध्यम से एकता, सहयोग और विश्व शांति का सशक्त संदेश दिया।**

इस प्रतियोगिता में कुल 335 पेंटिंग्स प्राप्त हुईं, जिनमें बच्चों की सृजनशीलता, कल्पनाशक्ति और शांति के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण झलकता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी काव्या जैन, द्वितीय स्थान देवराज सोलंकी, तृतीय स्थान तेजस्वी मकवाना ने प्राप्त किया।

प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा कुमारी काव्या जैन का पोस्टर भोपाल भेजा गया है, जहां डिस्ट्रिक्ट स्तर पर उसका मूल्यांकन किया जाएगा। चयनित पोस्टर को आगे मल्टीनेशनल स्तर तक भेजा जाएगा, जहां अंतरराष्ट्रीय विजेताओं का चयन होगा। निर्णायक मंडल में प्रकाश शेंडे, डॉ. प्रदीप रावल एवं लायन प्रीति जायसवाल शामिल रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र मालपानी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गोविन्द मोहता, कमलेश जायसवाल, घनश्याम राठी एवं राजेश इंद्र सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। लायंस क्लब नागदा ने सफल आयोजन कराने वाले सभी निर्णायक मंडल एवं आदित्य विद्या मंदिर स्कूल के समस्त स्टॉफ का आभार प्रगट किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन एनके मिश्रा के सानिध्य में संपन्न हुई तथा जानकारी क्लब सचिव सुनील त्रिवेदी ने दी।




## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**महिदपुर।** नगर में विधिक सेवा समिति महिदपुर द्वारा न्याय उत्सव सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। जो संपूर्ण भारत में 9 से 14 नवंबर तक मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देश के नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। इसी क्रम में 11 नवंबर को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में किया गया। न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को नि:शुल्क कानूनी सहायता और योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। न्यायाधीश सुशील कुमार जोशी, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ऋतंभरा राज द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड के द्वारा पाक्सो एक्ट तथा साइबर क्राइम आदि के बारे में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में पैरा लीगल वॉलिंटियर धापूबाई, रक्षा शर्मा, लखन आंजना एवं शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ और महाविद्यालय में 10 एमपी बटालियन एनसीसी उज्जैन के एनसीसी कैडेट्स के साथ अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## लोटि कॉलेज की छात्रा संस्कृति ने जीता स्वर्ण पदक

**उज्जैन।** लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय उज्जैन की कक्षा बीएससी की छात्रा संस्कृति राठौर ने संभाग स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में 77 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में आयोजित की गई, जिसमें दल प्रबंधक के रूप में महाविद्यालय की डॉ. स्मृति जैन उपस्थित रही। लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति एवं सांस्कृतिक न्यास के अध्यक्ष किशोर खंडेलवाल, सचिव विश्वनाथ सोमण, कार्यपालन अधिकारी गिरिश भालेराव एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने संस्कृति को शुभकामनाएं प्रेषित की।

**एक नजर** ▸ **13 नवंबर को कोलकाता जिम्नास्टिक्स एकेड़मी में जॉइन करेंगे**

## जिम्नास्टिक्स टैलेंट सर्च चयन प्रतियोगिता में लक्ष्य सिंह कुशवाह का चयन

**उज्जैन। भारतीय खेल प्राधिकरण अकादमी कोलकाता द्वारा विगत दिनों खेलो इंडिया स्कीम के तहत जिम्नास्टिक्स टैलेंट सर्च चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारत से सैकड़ों खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया एवं सब जूनियर ग्रुप में 5 उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया गया। इस प्रतियोगिता में चयनित 5 खिलाड़ियों में उज्जैन के लक्ष्य सिंह कुशवाह का सब जूनियर ( अंडर 12 ) ग्रुप चयन हुआ है। जो उज्जैन ही नही प्रदेश के लिए भी गौरव की बात है।**



भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा बोर्डिंग एकेडमी में उच्चस्तरीय खेल प्रशिक्षको द्वारा खेल विधा की बारीकियों के साथ खेल अभ्यास कराया जायेगा। साथ ही साथ शिक्षा एवं सम्पूर्ण डाइट का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसका सपूर्ण खर्च भारत सरकार द्वारा उठाया जायेगा। इस अवसर पर उज्जैन जिला जिम्नास्टिक एसोसिएशन के संरक्षक नारायण यादव व कलावती यादव द्वारा लक्ष्य सिंह को बधाई दी गई। उज्जैन जिला जिम्नास्टिक के पदाधिकारी एम जी सुपेकर, आर एल वर्मा, नवीन आर्य, के के खंडेलवाल, सुनील जाधव, कोच मनोहर शर्मा, राजकुमार सोलंकी, अविनाश श्रीवास, विजय झाला, राकेश खींची, जितेंद्र शर्मा, महेंद्र सिंह राजपूत, मुकेश जाधव, पुरुषोत्तम पटेल, नरेंद्र श्रीवास्तव, संजय जोहरी, दिलीप चौहान आदि द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया एवं लक्ष्य सिंह कुशवाह के उज्वल भविष्य की कामना की। लक्ष्य सिंह कुशवाह ने हाल ही में प्रयागराज उत्तर प्रदेश में आयोजित 5 नवम्बर से 9 नवंबर तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। वही से वे 12 नवंबर को निकल कर 13 नवंबर को कोलकाता जिम्नास्टिक्स एकेड़मी में जॉइन करेंगे। यह जानकारी संस्था अध्यक्ष सावन बजाज एवं सचिव ओपी शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दी गई।